## ब्रीफ न्यूज

### हिनौती गौधाम में निर्माणाधीन कार्य 15 जून तक पूर्ण करें : उप मुख्यमंत्री



**रीवा, स्वतंत्रमत।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि हिनौती गौधाम में निर्माणाधीन कार्यों को 15 जून तक अनिवार्यत: पूर्ण कराएं। प्रशासनिक भवन तथा गौवंश पशु शेड के कार्यों को गति देते हुए शीघ्र पूर्ण करें। राजनिवास सर्किट हाउस में आयोजित बैठक में उप मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन कार्यों की धीमी प्रगति पर अप्रसन्नता व्यक्त की तथा निर्माण एजेंसी को कार्य में गति देने के निर्देश दिए। उन्होंने गौधाम में पानी की उपलब्धता तथा गौवंश के लिए की जा रही अन्य व्यवस्थाओं की विस्तार से जानकारी प्राप्त की।

### समाधान आनलाइन कार्यक्रम आज

**रीवा।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव दो मई को शाम चार बजे से वीडियो कान्फ्रेंसिंग से आयोजित समाधान आनलाइन कार्यक्रम में निर्धारित एजेण्डा बिन्दुओं की समीक्षा करेंगे। बैठक में समाधान आनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की जाएगी। बैठक में पीएमश्री एयर एंबुलेंस सेवा तथा निवेश संवर्धन केन्द्र की भी समीक्षा की जाएगी। सभी संबंधित अधिकारियों को कमिश्नर कार्यालय और कलेक्टर कार्यालय के एनआईसी केन्द्र से वीडियो कान्फ्रेंसिंग में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### जिले भर में आज मनाया जाएगा लाड़ली लक्ष्मी उत्सव

**रीवा।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अन्य विभागों के सहयोग से दो मई को जिले भर में लाड़ली लक्ष्मी उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिला तथा विकासखण्ड मुख्यालय के साथ-साथ प्रत्येक ग्राम पंचायत नगरीय निकाय में इसका आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय ने बताया कि कार्यक्रम प्रात: 11 बजे आरंभ होगा।

# टीआरएस महाविद्यालय में एनएसयूआई ने की तालाबंदी, प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

### एक हफ्ते में मांग पूरी नहीं हुई तों महाविद्यालय का होगा घेराव

रीवा, स्वतंत्रमत



एनएसयूआई रीवा जिलाध्यक्ष पंकज उपाध्याय के नेतृत्व में टीआरएस महाविद्यालय में व्याप्त मूलभूत समस्याओं को लेकर महाविद्यालय में तालाबंदी पर धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा गया।

जारी प्रेस विज्ञप्ति में जिलाध्यक्ष पंकज उपाध्याय ने बताया कि टीआरएस महाविद्यालय में अनेक प्रकार की समस्याएं व्याप्त हैं जिससे छात्र व छात्राएं काफी परेशान होते टीआरएस की सबसे प्रमुख समस्या जो प्रत्येक वर्ष सामने आती है पेयजल की समस्या टीआरएस महाविद्यालय में लगभग 500 लीटर का आरो प्लांट लगा हुआ है लेकिन महाविद्यालय इसे पिछले कई वर्षों से बनवाने में असमर्थ है। और इसके साथ महाविद्यालय द्वारा सभी विभागों के बाहर एक वाटर कूलर लगाने की व्यवस्था की जाए तथा महाविद्यालय में कई कक्षाएं ऐसी हैं जहां इतनी भीषण गर्मी में अगर 5 पंखे लगे हुए हैं तो उनमें से सिर्फ एक चल रहा हैं महाविद्यालय में कुछ शिक्षक ऐसे हैं। जिनसे अगर कोई छात्र असाइनमेंट सेमिनार या टेस्ट के बारे में कोई भी जानकारी लेना चाहता है तो वह सीधे उसे फेल करने की धमकी देते है महाविद्यालय द्वारा एक नया नियम निकाला गया है जिसमें अगर कोई छात्र टीसी या अपनी मार्कशीट लेना चाहता है तो उसे दोपहर 2:30 बजे के बाद ही महाविद्यालय के अंदर प्रवेश कर सकता हैं जोकि भूतपूर्व में पढ़ चुके छात्रों के लिए यह समय संभव नहीं है।

एक मामला सामने आया है बहुत दिनों से बॉटनी विभाग की मैडम उमन द्विवेदी द्वारा छात्रों से दुर्व्यवहार करने का मामला आया है जो कि गलत है छात्रों को अगर परेशान किया गया और अगर आवाज उठाने पर फेल करने की धमकी दी गई तो एनएसयूआई शांत नहीं रहेगी हमारी मांग है की इनको नोटिस भेजा जाए और छात्रों से दुर्व्यवहार करना बंद किया जाए अन्यथा अगला आंदोलन शिक्षको के खिलाफ भी करेंगे जिसकी जिम्मेदारी कॉलेज प्रबंधन की होगी।

महाविद्यालय में छात्रों को बुलाया जाता है सेमिनार टेस्ट के लिए मैसेज करके बुलाया जाता है परंतु कॉलेज आने पर पता चलता है कि जो पेपर सेमिनार होना था वो कैंसिल कर दिया है इस पर छात्रों की क्या गलती हैं जो बेचारा 70 किलोमीटर से आया है और वापस जाना होता है कार्यवाही की जाए ऐसे शिक्षको को नोटिस भी दी जाए अन्यथा ऐसे शिक्षको के खिलाफ जल्द बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा ।

इसी प्रकार बीकॉम डिपार्टमेंट में कुछ शिक्षकों द्वारा छात्र छात्राओं को कहा गया है कि आप क्लास अना बंद करो घर मे रहो ये गलत है क्योंकि अभी तक पेपर की कोई डेट घोषित नहीं की गई ऐसे लोगों के ऊपर कार्यवाही की मांग है। आज के धरना प्रदर्शन में जिला अध्यक्ष पंकज उपाध्याय प्रदेश महासचिव निकिता शर्मा उपाध्यक्ष सत्यम मिश्रा, संगठन मंत्री शशिमोल तिवारी शिवम मिश्रा, अमन द्विवेदी आईटी सेल अध्यक्ष अनुराग सिंह इकाई अध्यक्ष नितकर्ष मिश्रा, लॉ कॉलेज अध्यक्ष प्रांशु द्विवेदी, सानूराग सिंह महासचिव राविन्सन साकेत विमल पटेल विधानसभा अध्यक्ष संस्कार त्रिपाठी वेदनारायण तिवारी, जिला सचिव मोहित शुक्ला, अजय सिंह, छात्र नेता अंकित गहरवार, आकाश मिश्रा शक्ति पाठक, विक्रांत यादव, अमन साकेत, सोजल बघेल, हिमांशु मिश्रा, अवनीश सिंह,आदि सैकड़ों की संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहें।

# बारातियों से भरी बस खंती में गिरी, 10 से ज्यादा घायल, तीन की हालत गंभीर



### 70 बारातियों को लेकर शहडोल जा रही थी बस

**रीवा।** रीवा में बंकुईया बाईपास के पास बारातियों से भरी एक बस खाई में गिर गई, जिससे 10 से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिनमें से तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### 70 बारातियों को लेकर जा रही थी बस

हादसा मंगलवार शाम करीब 6 बजे हुआ। बस मनगवां थाना क्षेत्र के भदैया गांव से बारात लेकर शहडोल जा रही थी। बस में करीब 70 बाराती सवार थे। रावेन्द्र पटेल ने जानकारी दी कि बंकुईया बाईपास पर पहुंचते ही चालक बस से नियंत्रण खो बैठा, जिसके बाद बस खाई में गिरते हुए कई बार पलटी खा गई।

### घायलों में तीन की हालत गंभीर

घटना में बिहारी लाल साकेत, बबली साकेत, लालमणि पटेल, अभिषेक यादव, शैलेन्द्र पटेल, रामराज पटेल, राजबली पटेल, मन्नालाल पटेल, पुरुषोत्तम साकेत, राजभान पटेल, ऋषभ पटेल घायल हुए हैं। इनमें से तीन की हालत गंभीर है जबकि बाकी लोगों को सामान्य चोटें आई हैं।

### स्थानीय लोगों ने पहुंचाई मदद

हादसे की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। चोरहटा थाना प्रभारी आशीष मिश्रा टीम के साथ मौके पर पहुंचे और पुलिस बल की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया। थाना प्रभारी ने बताया कि, अब तक किसी की मौत की सूचना नहीं है, सभी घायलों की हालत स्थिर है और इलाज जारी है।

# शिक्षक पर दुष्कर्म की कोशिश का आरोप

**रीवा, स्वतंत्रमत।** रीवा में डॉ भीमराव अंबेडकर को लेकर हुई कहासुनी और गाली-गलौज में एक युवक के साथ मारपीट हुई। उधर युवक की पत्नी ने शिक्षक पर आरोप लगाया कि उसने घर में घुसकर दुष्कर्म की कोशिश की। महिला ने बताया कि शिक्षक लगातार 10 मिनट तक उसे बैड टच करता रहा। घटना 30 अप्रैल की है। थाने से कार्रवाई न होने पर बताया कि शिक्षक लगातार 10 मिनट तक उसे बैड टच करता रहा।

घटना 30 अप्रैल की है। थाने से कार्रवाई न होने पर पीड़ित परिवार गुरुवार को शिकायत लेकर एसपी कार्यालय पहुंचा। जहां एडिशनल एसपी से मुलाकात कर न्याय की गुहार लगाई। पूरा मामला गढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत रनगढ़ गांव का है। बताया गया कि शिक्षक अमरपाल सिंह शासकीय माध्यमिक शाला सिंगठी में पदस्थ है। जिससे पीड़ित परिवार का पुराना



विवाद चल रहा था। महिला का आरोप है कि पति से विवाद के बाद शासकीय शिक्षक मेरे घर में घुस गया। उसने मेरे साथ छेड़खानी करते हुए मुझे बंधक बनाकर दुष्कर्म करने कोशिश की।

इस बीच मैं लगातार चिल्लाती रही। हल्ला-गुहार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। इसके बाद पारिवारिक सदस्यों और आसपास के लोगों द्वारा बीच बचाव करवाया गया। दरिंदे ने मेरी इज्जत लूटने की पूरी कोशिश की।

**आरोप- शिक्षक ने की दादागिरी :** महिला के पति ने बताया कि शासकीय शिक्षक अपने पद की गरिमा को दरकिनार कर लगातार दादागिरी करने की कोशिश की। एक दिन रात में जब मैं दुकान में सामान लेने के लिए गया हुआ था। उसी समय शिक्षक के द्वारा भीमराव अंबेडकर को गाली दी। मैंने खुलेआम विरोध कर दिया। जिस पर शिक्षक के द्वारा मुझे दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। मैं वहां से किसी कदर अपनी जान बचाकर घर भागा तो बदमाश हमारे घर में भी आ धमके। मेरी बीवी के साथ मारपीट और दुष्कर्म, की कोशिश की गई। गुरुवार को हम अपनी फरियाद लेकर एसपी कार्यालय पहुंचे हैं। उन लोगों का वर्चस्व होने की वजह से थाने में कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसलिए पूरे मामले में हम पुलिस कप्तान से न्याय की गुहार लगा रहे हैं। बताया गया कि एडिशनल एसपी आरती सिंह ने पीड़ित परिवार को न्याय का आश्वासन दिया है। साथ ही पीड़ित परिवार की बातों को गौर से सुनते हुए थाना प्रभारी को पूरे मामले में जांच के निर्देश भी दे दिए हैं।

# निगम आयुक्त ने किया व्यावसायिक मैरिज गार्डनों का औचक निरीक्षण, अनियमितताओं पर जताई नाराजगी

**रीवा, स्वतंत्रमत।** नगर निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने दिनांक 30 अप्रैल को रीवा शहर में संचालित प्रमुख व्यावसायिक मैरिज गार्डनों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संस्कृति ग्रीन गार्डन, यूकेएस पैलेस, परिणय वाटिका, लक्ष्मी गार्डेन, लैंडमार्क, हनुमान वाटिका एवं राजवाड़ा पैलेस जैसे प्रतिष्ठित गार्डनों में, पार्किंग व्यवस्था, अग्निशमन सुरक्षा, बल्क वेस्ट और वैध अनुमति पत्रों की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान कई गार्डनों में अनियमितताएं पाई गईं। कुछ स्थानों पर फायर सेफ्टी के उपकरण अनुपलब्ध एवं एक्सपायर पाए गए, वहीं कई गार्डनों में कचरा प्रबंधन स्वच्छता व्यवस्था संतोषजनक नहीं थी। इस पर निगम आयुक्त ने नाराजगी जताते हुए संबंधित संचालकों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए।



आयुक्त डॉ. सोनवणे ने कहा कि व्यावसायिक रूप से संचालित सभी मैरिज गार्डनों के लिए नगर निगम से लाइसेंस/अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य है तथा सभी बारात घरों का निरीक्षण कर अनियमितताएं पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि बिना लाइसेंस और मानकों का उल्लंघन करने वाले गार्डनों पर जुर्माना लगाने के साथ-साथ सील बंदी की कार्यवाही की जावेगी। निगम आयुक्त ने यह भी निर्देश दिए कि अग्निशमन सुरक्षा, स्वच्छता और पार्किंग की सुविधा सुनिश्चित करते हुए गार्डनों को नियमित रूप से निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही की जाए। निरीक्षण के दौरान सहायक यंत्री श्री अम्बरीष सिंह, श्री अभिमन्यु चतुर्वेदी, सहायक अग्निशमन अधिकारी श्री दीपक तोमर एवं अन्य उपस्थित रहे।

# रीवा इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल व केवी न. 1 की टीम रही विजेता

### अंतर-विद्यालय प्रतियोगिता का हुआ समापन

**रीवा, स्वतंत्रमत।** रीवा इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में आयोजित अंतरविद्यालय खो-खो प्रतियोगिता का मंगलवार को समापन हुआ। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का दिल जीत लिया। बालिका वर्ग में फाइनल मुकाबला ज्योति सीनियर सेकेंडरी स्कूल और केवी नं. 1 के बीच खेला गया। कड़ी टक्कर के बाद केवी नं. 1 की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की और चैंपियनशिप ट्रॉफी अपने नाम की। इसी तरह, बालक वर्ग में फाइनल मुकाबला रीवा इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल और ज्योति सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बीच हुआ, जिसमें मेज़बान टीम रीवा इंटरनेशनल पब्लिक



स्कूल ने दमदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। इस अवसर पर वार्ड क्रमांक 15 के पार्षद अशोक पटेल की उपस्थिति रही। खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया के सचिव संजय यादव मु य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ मध्यप्रदेश खो-खो संघ के सदस्य जीतू तिवारी, विजय सिंह, आशीष सिंह परिहार तथा प्रसिद्ध योग शिक्षक प्रदीप मिश्रा भी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम समापन के अवसर पर प्राचार्य मुनेन्द्र सिंह ने कहा कि खेल न केवल व्यक्तित्व का निर्माण करते हैं, बल्कि टीम भावना और दृढ़ संकल्प भी सिखाते हैं। हमारे छात्रों ने हम सबका गौरव बढ़ाया है। वहीं, निदेशक सुरेन्द्र कुमार पटेल ने कहा कि छात्रों को उनके कौशल को निखारने और प्रदर्शित करने हेतु ऐसे मंच प्रदान करना हमारा उद्देश्य है। कार्यक्रम का समापन विजेताओं और उप विजेताओं को पुरस्कार वितरण के साथ हुआ।

# बिल्लाबांग स्कूल पर दो लाख का जुर्माना

### मनमानी फीस वृद्धि की शिकायत पर कलेक्टर ने जांच के बाद की कार्रवाई



**रीवा, स्वतंत्रमत।** रीवा जिले के चोरहटा स्थित बिल्लाबांग हाई इंटरनेशनल स्कूल पर मनमानी फीस वृद्धि के मामले में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने दो लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। स्कूल ने सत्र 2025-26 के लिए निर्धारित 10 प्रतिशत की सीमा से अधिक 11 से 12.6 प्रतिशत तक फीस बढ़ा दी थी।

प्राप्त शिकायतों पर गठित चार सदस्यीय जांच दल ने पाया कि स्कूल प्रबंधन ने 19 फरवरी 2025 को नई फीस संरचना पोर्टल पर अपलोड की, लेकिन मध्य प्रदेश निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन) अधिनियम 2017 के तहत आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए। यह वृद्धि जिला स्तरीय कमेटी से भी अनुमोदित नहीं थी। जिला शिक्षा अधिकारी ने स्कूल को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिन में जवाब मांगा। स्कूल ने 24 अप्रैल को अपना जवाब प्रस्तुत किया। जिला समिति की जांच में फीस वृद्धि स्कूल शिक्षा विभाग के 2 दिसंबर 2020 के नियमों का उल्लंघन पाई गई, जिसके बाद स्कूल पर जुर्माना लगाया गया।

# अन्तर्राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान में प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**रीवा, स्वतंत्रमत।** अन्तरराष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान मनीला फिलिपीन्स में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर और अन्तर्राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान मनीला फिलिपीन्स के आपसी सहयोग से कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर में चावल की उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाने के लिए एक परियोजना विभिन्न महाविद्यालयों एवं अनुसंधान केंद्रों पर संचालक अनुसंधान सेवाएं डॉ.जीके कोतू निदेशक के मार्गदर्शन में चलाई जा रही है जिसके अंतर्गत कौशल विकास के लिए टीम गठित की गई। जिसमें कृषि महाविद्यालय रीवा के चावल अनुसंधान परियोजना के प्रधान



अन्वेषक प्रोफेसर आरके तिवारी का चयन हुआ जिन्होंने अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण में भाग लिया और वभिन्न देशों से आए हुए प्रशिक्षकों से भविष्य में चावल अनुसंधान में आने वाली चुनौतियों से लड़ने के लिए प्रशिक्षण प्राप्त किया। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विंध्य क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा् एसके त्रिपाठी के साथ-साथ डॉ बीएम मौर्य, डॉ एके पांडेय, डॉ एसएम कुर्मवंशी, डॉ राजेश सिंह, डॉ टीके सिंह, डॉ अखिलेश कुमार, डॉ बीके तिवारी, डॉ मनीषा द्विवेदी, डा् के एस बघेल, डॉ प्रदीप मिश्रा, डॉ सतीश सिंह बघेल, इंजीनियर अभिषेक सोनी, डॉ मोनिका सोनी, आरबी तिवारी आदि ने बधाई दी है।

# जाति जनगणना की तरह मजदूरों किसानों को न्याय दिलाएंगे अखिलेश : शिव सिंह

### मोहन सरकार पट्टेधारियों की जमीनों को खसरे में कराए दर्ज : जगदीश यादव

**डभौरा, स्वतंत्रमत।** समाजवादी पार्टी के सिद्धांतों विचारों को आगे बढ़ाने सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के निर्देशानुसार सपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनोज यादव के मार्गदर्शन में मजदूर दिवस अवसर पर सपा प्रदेश सचिव जगदीश सिंह यादव के नेतृत्व में विधानसभा सिरमौर 68 पनवार में मजदूरों आदिवासियों किसानों की विभिन्न समस्याओं जैसे पट्टे की भूमियों को खसरे में दर्ज कराए जाने भूमिहीनों को भूमि दिलाए जाने मजदूरों की मजदूरी बढ़ाये जाने मजदूरों को पेंशन नहर से वंचित गांवों को नहर से जोड़े जाने आदि विभिन्न मुद्दों को लेकर मजदूर किसान महापंचायत का आयोजन किया गया।

बतौर मुख्य अतिथि सपा के राष्ट्रीय सचिव एडवोकेट शिव सिंह पटेल उपस्थित रहे। जिसकी अध्यक्षता रामकिशोर आदिवासी विधानसभा



अध्यक्ष सपा सिरमौर द्वारा किया गया एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सपा लोहिया वाहिनी के प्रदेश महासचिव रामचंद्र यादव,सिरमौर सपा अध्यक्ष सुखलाल कुशवाहा, जिला सचिव मयंक सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष जवा जवाहरलाल पाल, शिवबहादुर साहू, रामपति आदिवासी, सुखीनंद वर्मा, मीना आदिवासी, सोनिया आदिवासी, मुन्नालाल कोरी आदि पदाधिकारीगण एवं क्षेत्र के किसान मजदूर आदिवासी साथी उपस्थित रहे। उस दौरान मुख्य अतिथि शिव सिंह ने कहा कि देशभर के लाखों मजदूरों आदिवासियों गरीबों को सरकार ने भूमि के पट्टे तो दिए लेकिन उनके नाम एवं रकबे को राजस्व खसरो में इंद्राज नहीं किया इसी तरह किसान लंबे समय से अपनी मूलभूत समस्याओं को लेकर आंदोलित है इसलिए जाति जनगणना की लड़ाई की जीत की तरह सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ही न्याय दिलाने का काम करेंगे। उनकी मांगों में- मजदूरों को भूमि का पट्टा दिलाया जाय,वन भूमि में खेती कर रहे सभी प?ट्टेघारियों का खसरा कम्प्यूटर में दर्ज कराया जाय, वन भूमि में बसे आदिवासियों दलितों अन्य परम्परागत लोगों कब्जा के आधार पर पट्टा दिलाया जाय। मगडौर, घूमन डभौरा क्षेत्र में पावर प्लांट के नाम से किसानों की भूमि खरीदी गई थी जिसमें सभी किसानों के परिवारों को एक-एक नौकरी दने का समझौता (करारनामा) हुआ था। लेकिन कम्पनी नही लग पाई और अब किसानों की जमीन कम्पनी दलालों के हाँथ जमीन बेची जा रही है। उसे रोक लगाकर किसानों को वापिस कराई जाय। नहर से वंचित पचास गाँवों को नहर से जोड़ा जाय ताकि किसानों का पलायन रोका जा सके। सभी ग्राम पंचायतों में मजदूरों का पलायन रोकने के लिए मनरेगा के तहत् हर हाँथ को काम दिया जाय और मनेरगा मजदूरी 500 रूपये से ज्यादा की जाय।

समस्त किसान मजदूरों को 60 वर्ष पूरा होने पर 5000 पेंशन दिलाई जाय तथा डभौरा में कृषि उपज मंडी खोली जाय। ओवरी गांव में शहद प्लांट लगाया जाय ताकि ग्रामीणों को रोजगार मिल सके। इसके अलावा किसानों के लिए पनवार में खाद बीज गोदाम खोला जाय को लेकर मुख्यमंत्री के नाम नायाब तहसीलदार जवा को ज्ञापन सौंपा गया।

# रीवा नगर निगम द्वारा बच्चों के लिए मस्ती की पाठशाला का शुभारंभ

**रीवा, स्वतंत्रमत।** नगर निगम बच्चों की प्रतिभा को निखारने और उन्हें नई उड़ान देने के लिए एक अभिनव पहल मस्ती की पाठशाला लेकर आया है। यह कार्यक्रम विशेष रूप से बच्चों के लिए तैयार किया गया है, जिसमें वे अपनी रूचि और प्रतिभा के अनुसार विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों में भाग ले सकेंगे। मस्ती की पाठशाला के अंतर्गत बच्चों को डांस, ताइक्वांडो, आर्ट एंड क्राफ्ट, म्यूजिक और सिंगिंग जैसी रोचक एवं मनोरंजक गतिविधियों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह पहल न केवल बच्चों की रचनात्मकता को बढ़ावा देगी, बल्कि उन्हें आत्मविश्वास, अनुशासन और टीम वर्क जैसे महत्वपूर्ण जीवन कौशल भी सिखाएगी। नगर निगम द्वारा यह विशेष सुविधा बीपीएल कार्डधारी बच्चों को नि:शुल्क प्रदान की जाएगी, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के प्रतिभावान बच्चों को भी समान अवसर मिल सके। इस योजना का उद्देश्य शहर के सभी बच्चों को उनके अंदर छिपी प्रतिभा को पहचानने और उसे विकसित करने का मंच देना है। इच्छुक अभिभावक एवं बच्चे आवेदन के लिए नगर निगम कार्यालय रीवा, कक्ष क्रमांक 28 में संपर्क कर सकते हैं। साथ ही अधिक जानकारी हेतु मो0 नम्बर 8959256118, 8878833701 के द्वारा सम्पर्क किया जा सकता है। नगर निगम रीवा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक सशक्त कदम बढ़ा रहा है। मस्ती की पाठशाला के माध्यम से नगर निगम का प्रयास है कि हर बच्चा अपनी रुचि के क्षेत्र में आगे बढ़े और समाज के विकास में योगदान दे सकें।

**स्वतंत्र मत रीवा**

**निष्पक्ष खबरों एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।**

**स्वतंत्र मत रीवा**

**सम्पर्क:- शिल्पी प्लाजा बी-ब्लाक सेकेण्ड फ्लोर रीवा**

**मोबाइल नं.-9424880111, 07662-325960**

# करोड़ों की जमीन कौड़ियों में देकर राजस्व का नुकसान कर रहे नपा अध्यक्ष : पार्षद सोहेल पाशा ने लगाये आरोप

सिवनी (स्वतंत्र मत )



नगर पालिका परिषद में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ बोलने एवं आपत्ति लगी हुई लीज के कागज पर हस्ताक्षर नहीं करने पर नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा नगर पालिका में राजस्व सभापति हाजी सोहेल पाशा को हटाया गया यह बात आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पार्षद सोहेल पार्षद द्वारा कही गई उन्होंने बताया कि इसके पूर्व भी मुझे 2024 में सभापति पद से हटाया गया था तब भी मैंने नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा कार्य पूर्ण न होने पर भी राशि ठेकेदार को आवंटित करने का विरोध किया था नगर पालिका में लीज के लगभग 80 से 90 प्रकरण आए हे जिनमें से 17 प्रकरणों में मैंने स्वयं हस्ताक्षर किये है, परंतु रमेश जेठानी की लगभग 10000 स्क्वायर फीट की करोड़ों रुपयों सरकारी जमीन जिस पर आपत्ति लगी हुई है पर मैंने हस्ताक्षर नहीं किया समिति में मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका अध्यक्ष एवं राजस्व सभापति के हस्ताक्षर होना अनिवार्य है परंतु मुझे हटाकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा हस्ताक्षर कर रमेश कुमार जेठानी को लीज दे दी गई जो कि अनुचित है नगर पालिका में भारी भ्रष्टाचार चल रहा है जो नगर वासियों एवं जनप्रतिनिधियों को भी पता है परंतु उसके बाद भी नगर पालिका अध्यक्ष पर कोई कार्यवाही नहीं हो रही जिसके कारण नगर पालिका में भारी भ्रष्टाचार हो रहा है मेरे द्वारा भ्रष्टाचार में साथ न देने पर ही मुझे हटाया गया है । हाजी सोहेल पाशा ने प्रेस कांफ्रेंस में कांग्रेस के नगर पालिका अध्यक्ष शफीक खान पर लगाए कई गंभीर आरोप सिवनी नगर पालिका परिषद में कांग्रेस की सत्ता होने के बाद भी अध्यक्ष सफीक खान के नेतृत्व में गलत नीतियों का विरोध करने वाले हाजी सोहेल पाशा ने एक बड़ा संदेश दिया है। हाजी सोहेल पाशा ने अपने विरोध के जरिए यह साबित कर दिया है कि कांग्रेस में एकता की नहीं हे जब अपने ही दल के अध्यक्ष की गलत नीतियों के खिलाफ आवाज उठाई जा रही है।

उन्होंने इस लड़ाई को जनता और नगर पालिका की लड़ाई बताया है, जिससे साफ है कि वे जनता के हितों के लिए किसी भी कीमत पर समझौता करने को तैयार नहीं हैं। पाशा ने कांग्रेस के नगर पालिका अध्यक्ष शफीक पर आरोप लगाते हुए कहा कि नगर अध्यक्ष शफीक खान कि गलत नीतियों का विरोध करने की सजा मुझे मिली मुझे सभापति राजस्व के पद से अलग कर दिया गया है पाशा ने नगर पालिका अध्यक्ष के द्वारा अवैध तरीके से नगर की जमीन को लीज पर देने का विरोध किया था एवं कुछ ऐसी जमीन की लीज को भी नगर पालिका अध्यक्ष ने रिन्यूव कर दिया है

पाशा ने यहां तक कह दिया कि शफीक खान सार्वजनिक स्थान पर सत्ता पक्ष की तारीफ करते हैं एवं हाजी सोहेल ने नगर पालिका अध्यक्ष शफीक खान के एजुकेशन पर भी सवाल खड़ा किया है और कहा कि सत्ता पक्ष के बड़े नेता नगर पालिका सिवनी को चला रहे हैं।

कांग्रेस के नेता आपस में एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे हैं, लेकिन जिला अध्यक्ष राजकुमार खुराना सिर्फ कारण बताओ नोटिस भेजकर खानापूर्ति कर रहे हैं। उनकी खामोशी पर सवाल उठने लगे हैं कि आखिरकार वे ठोस कदम क्यों नहीं उठा पा रहे हैं। इससे सत्ता पक्ष को संदेश जाएगा कि कांग्रेस में नेतृत्व की कमी है और आपसी कलह से पार्टी कमजोर हो रही है। नगर पालिका अध्यक्ष को कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष राजकुमार खुराना सिर्फ नोटिस जारी कर खानापूर्ति कर रहे हे क्यों राजकुमार खुराना खामोश हे क्यों नहीं वे शफीक खान के खिलाफ ठोस कार्यवाही नहीं करते इससे साफ है कि या तो राजकुमार खुराना की पकड़ कमजोर है या फिर कोई और कारण है जो उन्हें कार्रवाई करने से रोक रही है।

जब प्रेस कांफ्रेंस के दौरान हाजी सोहेल पाशा से पूछा गया कि यदी नगर पालिका अध्यक्ष आपको फिर से सभापति बनना चाहे तो आप क्या इस पद को फिर से ग्रहण करेंगे? उक्त सवाल के जवाब में हाजी सोहेल पाशा ने कहा कि अगर नगर पालिका अध्यक्ष उन्हें फिर से सभापति बनने का अवसर दें तो वे जरूर इस पद को ग्रहण करेंगे और फिर गलत नीतियों का विरोध करेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब उनकी लड़ाई कांग्रेस नगर पालिका से नहीं है, बल्कि वे जनता की तरफ से लड़ रहे हैं और जनता के हक की आवाज उठा रहे हैं। सोहेल पाशा ने कहा कि वे जनता के हितों के लिए लड़ते रहेंगे और किसी भी कीमत पर समझौता नहीं करेंगे।



# सरस्वती शिशु मंदिर सिवनी में समर कैंप का भव्य शुभारंभ

### छात्रों के व्यक्ति त्व विकास में समर कैंपों की महत्वपूर्ण भूमिका :डॉ आशुतोष गौर

### शिशु मंदिर शैक्षिक नवाचार का वाहक है समर कैंप इसका अद्वितीय उदाहरण है : महेश बघेल

**सिवनी (स्वतंत्र मत )** सिवनी नगर की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था सरस्वती शिशु मंदिर भैरोगंज सिवनी में ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर (समर कैंप) का भव्य शुभारंभ गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में किया गया आयोजन का शुभारंभ दीप प्रज्वलन दीप मंत्र से किया गया उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि श्री महेश बघेल जिला परियोजना समन्वयक राज्य शिक्षा केंद्र सिवनी रहे जबकि अध्यक्षता संस्था के पूर्व छात्र प्रसिद्ध शिक्षाविद प्रोफेसर डॉक्टर आशुतोष गौर ने की। इस अवसर पर श्री देवेंद्र ठाकुर (खेल शिक्षक उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी) श्री भगवान दास अंदमान (योग प्रशिक्षक) श्री संजय बघेल (राष्ट्रीय स्तर के कबड्डी निर्णायक) एवं संस्था प्राचार्य श्री ओम प्रकाश यादव पाली प्रभारी श्री जीतेंद्र कुमार सोनी मंचासीन रहे। उपस्थित मंचासीन अतिथियों का परिचय श्री प्रकाश गुप्ता व्याख्याता ने दिया तथा स्वागत श्री कृष्ण मुरारी दुबे ने किया। अपने उद्बोधन में उपस्थित वक्ताओं ने समर कैंप के आयोजन के लिए विद्यालय परिवार की सराहना करते हुए कैंप की व्यवस्थाओं की सराहना की एवं उसे छात्रों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण निरूपित किया। उल्लेखनीय है.. कि उपरोक्त समर कैंप 1 मई 2025 से 15 मई 2025 तक संचालित होगा। समर कैंप में योग, प्राणायाम, कबड्डी, खोङ्खो, विभिन्न भारतीय खेल क्रिकेट, कंप्यूटर,कर्सिव राइटिंग, स्पोकन इंग्लिश, शुद्ध लेख, सुलेख, निबंध लेखन, चित्रकला, मूर्ति कला, वैदिक गणित, (मैजिक मैथ्स) रंगोली, मेहंदी, गीत, संगीत, भारतीय नृत्य, जैसी अनेक विधाओं का प्रशिक्षण भैया बहनों को प्रतिदिन प्रात 6ः30 बजे से 11ः00 बजे तक दिया जाएगा। प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए नगर के विभिन्न विषय विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया है जो प्रशिक्षार्थियों को इन विधाओं का प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। समर कैंप में प्रशिक्षण देने वाले प्रशिक्षकों में मुख्यतः श्री देवेंद्र सिंह ठाकुर संजय बघेल, चैतन्य पाठक, अन्नपूर्णा डहेरिया,नम्रता टेकाम दीपाली आत्मपूज्य,आदि प्रमुख है। संस्था व्यवस्थापक श्री नितिन चौधरी एवं जिला सचिव श्री विनीत अग्रवाल ने सिवनी नगर के समस्त नागरिकों से अपील की है कि अपने बच्चों को समर कैंप में भेजें।



# श्रमजीवी पत्रकार संघ इकाई छिंदवाड़ा द्वारा 21 सूत्री मांगों को लेकर जिला कलेक्टर पहुंचकर ज्ञापन सौंपा

**छिन्दवाड़ा ब्यूरो।** श्रमजीवी पत्रकार संघ इकाई छिंदवाड़ा द्वारा 21 सूत्री मांगों को लेकर जिला कलेक्टर पहुंचकर ज्ञापन सोपा जिला अध्यक्ष मनोज सोनी द्वारा बताया गया कि श्रमजीवी पत्रकार संघ की विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रदर्शन और रैली के माध्यम से सरकार तक अपनी मांगे पहुंचाई इसी के साथ ही जनमानस से मान्यता प्राप्त लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को मजबूत करने वाले श्रमजीवी पत्रकारों की समस्याओं क हल हो सके। पत्रकार सुरक्षा कानून तत्काल लागू कराया जाए। पत्रकार पेंशन श्रद्धा निधि योजना में अधिमान्यता होने की शर्त हटाई जाये और आजीवन देने का नियम बनाया जाए। श्रद्धा निधि श्रमजीवी पत्रकार की मृत्यु के बाद यह पेंशन राशि यह श्रद्धा निधि सरकारी कर्मचारियों की ही तरह उसकी पत्नी को राशि प्रदान की जाए। श्रमजीवी पत्रकारों को बैंकों से 0त्न ब्याज दर पर लोन दिया जाए। श्रमजीवी पत्रकार सदस्यों को सर्किट हाउस में रुकने और खाने की व्यवस्था की जाए। श्रमजीवी को आयुष्मान से जोड़ा जाए, 21 सूत्री मांगों को गंभीरता से नहीं माना जाता है तो श्रमजीवी पत्रकार संघ द्वारा उग्र आंदोलन एवं चक्का जाम किया जाएगा। ज्ञापन में अध्यक्ष मनोज सोनी, कार्यकारी अध्यक्ष, महासचिव मनोज साहू, अजीत पांडे, कोषाध्यक्ष राजेश उइके, सचिव मनीष घोरसे, योगेश जैन, योगेश तरमले, प्रदीप कुमार पांडे, शैलेंद्र मर्सकोले, विकास राजपूत, मनीष डेहरिया, अमित, ललित रघुवंशी, रवि शंकर पहाड़े, देवेंद्र वर्मा, जयवीद डेहरिया, प्रमोद शर्मा दीपक चंद्रवंशी, राजकुमार सिंह, गुरु प्रसाद सोनकर, जगदीश पाल , संदीप पांडे नीलेश डेहरिया, योगेंद्र मोहरसिया, जितेंद्र वर्मा, सौरभ भटनागर, पुष्पराज टांडेकर, राहुल वर्मा, विश्वनाथ नामदेव, मनोज चंद्रवंशी उपस्थित थे।

# सूफी परंपरा भारतीय संस्कृति प्रसिद्ध दरगाह के उर्स 3 मई से

**सिवनी (स्वतंत्र मत )** सूफी समाजिक कार्यकर्ता सूफी मंज़ूर रज़ा क़ादरी द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि सिवनी जिले भर में प्रसिद्ध दरगाह खानकाह मजारों पर उर्स के छोटे एवं बड़े आयोजन समिति द्वारा आयोजित किये जातें हैं जिसमें 3 मई को उर्स बोरदई टेकरी हजऱत अब्दाल शहा क़ादरी रहमतुल्लाह अलैय से शुरू होकर जून तक चलेगा।सिवनी में महान सूफी संत औलिया इकराम के उर्स ए मुबारक पुरी शान शौकत के साथ अलग अलग तिथि पर आयोजित होते हैं जिसमें सूफी परंपरा संस्कृति का रंग देखने को मिलता है खासकर बड़े पैमाने पर हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई कौमी एकता अखंडता भाई चारा गंगा जमुनी तहज़ीब संस्कृति का संगम इन उर्स में अलग-अलग दरगाह खानकाह मजारों में देखने को मिलता है, जो हमारे देश हिंदुस्तान के पहचान है अनेकता में एकता अखंडता भाई चारा गंगा जमुनी



तहज़ीब सांझा संस्कृति को क़ायम रखते हैं । 3 मई अब्दाल शहा कादरी 6/7/8 मई को डुंगरिया शरीफ़ में उर्स ए कबीरुल औलिया रुमवी एवं भोमा दरगाह शरीफ में उर्स शरीफ़ आयोजित होता है , 13? मई हजऱत झिद वाले बाबा ,19 मई बगराज वाले बाबा, 22 एवं 23 मई को शहंशाह ए सिवनी हजऱत मियां मोहम्मद शाह वली बड़ी ज्यारत दरगाह पर उर्स का आयोजन होगा 22 मई को छपारा में बड़े पैमाने पर उर्स का शानदार आयोजन होता है, हजऱत चांद शहा वली दरगाह लखनादौन में भी शानदार आयोजन उर्स ए मुबारक किया जाता है एवं 25/26 मई मौलाना सूफी हसन अली शाह का उर्स होगा 28/29 मई को हजऱत मदार शाह बाबा का उर्स होगा 30/31 मई को हजऱत जेल वाले सरकार क़ादरी चिश्ती रहमतुल्लाह अलैय का उर्स शानदार पैमाने पर होगा, जून महा मे, छाट दिवाली वाले बाबा स्टेशन,हजऱत जहर शहा पिया पौलटेकनिक ग्राउंड ,सेलुआ घाटी दरगाह एवं 14/15 जून को राज्य परिवहन बस स्टैंड पर स्थित दरगाह नूर अली शहा का उर्स का आयोजन समिति द्वारा होता है जो सभी दरगाह खानकाह कमेटी द्वारा अपने अपने स्तर पर आयोजन करतीं हैं जिसमें देश के प्रसिद्ध सूफी सिंगर कव्वाल उपस्थित होकर भारतीय संस्कृति सूफी परंपरा सूफियाना कलाम पेश करते हैं।

महान सूफी स्कालर मौलाना अहमद नक्शबंदी साहब क़िब्ला का भी शानदार प्रोगाम 27 मई को छपारा बलाक के ग्राम गवारी खैरी में आयोजित हैं जिसमें देश प्रदेश एवं जिले के सूफी परंपरा विचारधारा वाले नरमपंथी भारतीय सुन्नी हनफी सूफी मुस्लिम समाज द्वारा पैगम्बर हजरत मोहम्मद सल्लाहो अलैय वसल्लम की बेटी सैययदा फातमा जहरा रजि अन्हो पंजतने पाक अहले बैत सहाबा ए इकराम की शान में जलसा सूफियाना तकरीर प्रोगाम आयोजित किया गया है। सूफी मंज़ूर रज़ा क़ादरी द्वारा अपील की गई है जिले में एवं शहर में आयोजित होने वाले उर्स ए मुबारक पर नगरपालिका परिषद विषेष रूप से साफ़ सफाई व्यवस्था खासतौर पर दरगाह खानकाह मजारों पर लाईट व्यवस्था एवं नगर पुलिस थाना प्रभारी महोदय एवं जिला पुलिस अधीक्षक महोदय चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था बनाने की अपील की गई है।

सूफी मंज़ूर रज़ा क़ादरी इंजिनियर समीर कुरैशी हाफि? गुलाम गौस हाफि? अब्दुल वाहिद अशरफी पप्पू उस्मानी सादिक साबरी अकील अहमद काजी ए शहर मौलाना अख्तर मसूदी साहब हादी अहमद फय्याज कुरैशी छोटू पाषर्द ज़ाकिर बाबा मुनव्वर रज़ा समीम साबरी।

# दुगलई पहुंचे विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी, कहा : आदिवासी अब भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित, प्रशासन दे ध्यान

दुगलई में हुई सामूहिक दुष्कर्म की घटना पर जताया दुख, आरोपियों को फांसी की सजा की मांग



बालाघाट(स्वतंत्र मत)। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के जिला पदाधिकारी दल ने दुगलई गांव का दौरा किया और वहां के आदिवासी परिवारों की दुर्दशा को देखकर गहरी चिंता व्यक्त की। जिलाध्यक्ष यज्ञेश लालू चावड़ा, उपाध्यक्ष सुनील रंगलानी और चंदर दमाहे, समरस्ता प्रमुख अमित त्रिपाठी, राहुल सोनी, गौरव शर्मा तथा वनवासी कल्याण आश्रम से लखन मेरावी की उपस्थिति में गांव की समस्याओं को समझा गया।

विहिप पदाधिकारियों ने कहा कि दुगलई के आदिवासी आज भी मूलभूत सुविधाओं से कोसों दूर हैं। गांव में न बिजली की समुचित व्यवस्था हैं, न शुद्ध पेयजल की सुविधा उपलब्ध है। रोजगार के अवसर नगण्य हैं और शिक्षा का स्तर भी अत्यंत खराब हैं। अधिकांश परिवार वनोपज पर निर्भर होकर जीवन यापन कर रहे हैं।

सरकारी योजनाओं का लाभ कागजों तक सीमित रह गया है। विशेष रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने मकानों की हालत बेहद जर्जर हो चुकी है, जिनमें रहना सुरक्षित नहीं रह गया है। वहीं को कुछ परिवार झोपड़ीनुमा बास मिट्टी के मकान में काफ़ी सालों से जीवन यापन कर रहे हैं।

पदाधिकारियों ने कहा कि 21 वीं सदी के आधुनिक युग में भी दुगलई के ग्रामीण आदिमानव जैसी जिंदगी जीने को मजबूर हैं। यह स्थिति अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और प्रशासनिक उपेक्षा का परिणाम है। उन्होंने शासन-प्रशासन से मांग की कि आदिवासी बहुल्य क्षेत्रों में प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्य कराए जाएं।



## कलेक्टर ने अप्रोच कैनाल की गहराई बढ़ाने दिये निर्देश

**सिवनी।** कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने बुधवार 30 अप्रैल को नगरपालिका सिवनी के सुआखेड़ा इंटेकवेल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने पेंच परियोजना से भीमगढ़ में लाये गए पानी को इंटेलवेल तक लाने के लिए बनाये गये अप्रोच कैनाल का निरीक्षण कर नगरपालिका कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने पर्याप्त मात्रा में पानी की लिफ्टिंग करने के लिए अप्रोच कैनाल की चौड़ाई और गहराई बढाने के निर्देश नगरपालिका के अधिकारियों को दिये।



## अतिक्रमण हटाकर 625 पौधों को बसाया अब बन गया गांव का फलदार बगीचा

**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** वारासिवनी में नरोड़ी गांव ने पौधरोपण के कार्य मे मिसाल पेश की है। यहाँ आज से 2 साल पहले पंचायत की भूमि पर गांव के लोगो द्वारा लावारिस पड़ी जमीन पर अतिक्रमण किया हुआ था। गांव के ही लोगों में किसी ने पशु बांधने के लिए शेड बना रहे थे, तो किसी ने चारागाह बनाया का रहा था। ऐसी स्थिति में ग्राम पंचायत ने प्रस्ताव पारित के स्वेच्छा से अतिक्रमण हटा लिया। इसी भूमि पर फिर से अतिक्रमण होना प्रारम्भ हो गया था। पंचायत ने फिर सक्रिय होकर अतिक्रमण हटाया। इसके बाद मनरेगा योजना के तहत करीब 1 हैक्टेयर क्षेत्र में फलदार पौधों का पौधारोपण किया गया। आज 2 साल पहले हुए पौधारोपण से गांव को ही आम, कटहल,अमरूद और जामुन जैसे फल मिलने की स्थिति में आ गया है।

पंचायत के सरपंच की इस बगीचे को स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका रही है। सरपंच ने रूचि लेकर अपना योगदान दिया। उन्होंने देखरेख के साथ स्वयं ने ऊंचे स्थान पर पानी की टंकी रखवाई। ताकि पानी पूरे क्षेत्र में पहुँच जाएं। यह पौधरोपण मनरेगा के तहत 3.53 लाख रुपये की लागत से लगाया गया। अब यह गांव के सम्मान का क्षेत्र बन गया है।

# दिंव्यांग व वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरण देना लक्ष्य : पारधी

### केंद्र शासन की एडीप व वयोश्री योजना में 1435 दिव्यांगों व वरिष्ट नागरिकों को बांटे 5058 सहायक उपकरण




**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्रालय की एडीप व वयोश्री योजनान्तर्गत बालाघाट में सांसद श्रीमती भारती पारधी के मुख्य आतिथ्य में 1435 दिव्यांग व वृद्धजनों को 5058 सहायक उपकरण वितरित किये गए। सांदीपनि विद्यालय परिसर में आयोजित हुए कार्यक्रम में सांसद श्रीमती पारधी ने कहा कि भारत सरकार और मप्र शासन का प्रयास है कि कैसे भी हितग्राहियों तक योजनाओँ का लाभ पहुँचाया जाए। इसके लिए निरंतर प्रयास किये जा रहें है। यह शिविर भी उन्ही में से एक है, इससे पूर्व भी जनवरी माह में दिव्यांगजनों व वृद्धजनों को बड़े स्तर पर सहायक उपकरण वितरित किये गए। इस शिविर के आयोजन के लिए जिला प्रशासन और जिला पंचायत द्वारा 8 से 19 अप्रैल तक विकासखंड वार शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों में चिन्हांकित करने के पश्चात एलिम्को द्वारा उपकरण बनाएं गए। अब यही लक्ष्य है कि एक-एक चिन्हित व्यक्ति को ये उपकरण पहुचाएं जाए। साथ ही आगे भी ऐसे शिविरों के द्वारा चिन्हित कर सहायक उपकरण वितरित किये जायेंगे।

कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर मृणाल मीना ने कहा कि प्रयास किये गए की जिनके पास सहायक उपकरण नही है, उन्हें चिन्हित कर उपकरण प्रदान किये जायें। उद्देश्यों के तहत शिविरों को आयोजन हुआ और वितरण किया जा रहा हैं। आगे भी शिविरों का आयोजन कर दिव्यांगों व वरिष्ठ नागरिकों को उपकरण प्रदान कर सेच्युरेशन करने की स्थिति में बढ़ रहें हैं। कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत सीईओ ने भी स्वागत संबोधन में शिविरों के सम्बंध में जानकारी दी।

कार्यक्रम में पूर्व नपा अध्यक्ष रमेश मंगलानी, नपा उपाध्यक्ष योगेश बिसेन, नपा सभापति योगिता बोपचे, पार्षद श्रीमती संगीता कावरे, राज हरिनखेड़े, श्वेता जैन, वंदना बारमाटे, सुधीर चीले कमलेश पांचे,एसडीएम गोपाल सोनी, सीएमओ बीडी कतरोलिया, समाजिक न्याय विभाग की नूपुर झा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन अजय बैस ने किया।

### इस पर शासन कार्य कर रही...

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती ठाकुर ने संबोधित करते हुए कहा कि शासन के प्रयास है कि अंतिम छोर के व्यक्ति तक शासन की जनकल्याणकारी योजनाएं पहुँचे। आज जो जीवन जीने में सहायक उपकरण बांटे जा रहें है, ये उन्हीं प्रयासों का परिणाम है। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री राजा लिल्हारे ने भी संबोधित किया।

### सहायक उपकरण वितरित किये गए...

कार्यक्रम के दौरान 1435 में से 983 वरिष्ट नागरिक व 452 दिव्यांगजनों को उपकरण वितरित किये गए। जिनकी मूल लागत 118.7 लाख रुपये है। दिव्यांगजनों को कुल 39 नग मोटराइज्ड ट्राइसिकल, कुल 153 नग ट्रायसिकल, 95 नग व्हीलचेयर, 5 सीपी चेयर, 110 वैसाखी, 77 वॉकिंग स्टिक, 01 फोल्डेबल वाकर, 6 रोलेटर, 14 टीएलएम किट, 24 सुगम्य केन, 01 एलएस बेल्ट, 106 श्रवण यंत्र प्रदाय किये गए।

इस तरह एडीप योजना अंतर्गत कुल 452 लाभार्थियों को 651 उपकरण प्रदाय किये गए। वहीं वरिष्ठजनों में 983 लाभार्थियों को कुल 4606 उपकरण प्रदाय किये गए। जिसमे 769 नग वाकिंग स्टिक, 16 नग वैसाखी, 311 व्हीलचेयर, 1746 नी-ब्रेस, 853 एलएस बेल्ट, 5 वाकर, 81 सिलिकॉन कुशन, 169 ट्रायण्ड, 30 सरवाइकल कॉलर एवं 626 श्रवण यंत्र शामिल हैं।